

## एक नजर में

### रेडक्रास सोसायटी के सभापति, उपसभापति तथा कोषाध्यक्ष एवं सदस्यों के निर्वाचन आज

**रतलाम।** शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रतलाम में भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा रतलाम के जिला शाखा कार्यकारिणी समिति में सभापति, उपसभापति तथा कोषाध्यक्ष एवं सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया 25 अगस्त 2025 को सम्पन्न होगी। निर्वाचन हेतु उम्मीदवारों से नामांकन पत्र 25 अगस्त को प्रात: 11 बजे से 12 बजे तक प्राप्त किए जाऐगें। प्राप्त नामांकन पत्रो की संवीक्षा दोपहर 12:00 बजे से 12:15 बजे तक की जाएगी। नाम वापसी हेतु आवेदन दोपहर 12:15 से 12:45 बजे तक दिया जा सकता है। मतदान दोपहर 01:30 बजे से 04:00 बजे तक होगा। मतगणना मतदान के पश्चात की जाएगी। तत्पश्चात मतगणना परिणाम घोषित किए जाएगें। सभी मतदाताओं/रेडक्रॉस सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपना पहचान परिचय पत्र/आधार कार्ड के साथ आमसभा की बैठक में उपस्थित रहें।

### रतलाम में बारिश का आंकड़ा 32 इंच पहुंचा

**रतलाम।** लगातार हो रही रिमझिम बारिश से जिले में बारिश का आंकड़ा अब 32 इंच पर पहुंच गया हैं। सप्ताह के पहले दिन सोमवार से शुरू हुई बारिश रविवार को भी जारी रही। रविवार को भी दिन में रिमझिम का दौर रूक-रूक कर चलता रहा। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में रतलाम जिले में औसत 22.13 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें आलोट में 14 मि.मी., जावरा में 6 मि.मी., ताल में 5 मि.मी., पिपलोदा में 13 मि.मी, बाजना में 27 मि.मी., रतलाम में 14 मि.मी., रावटी में 51 मि.मी और सैलाना में 47 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से लेकर आज दिनांक तक रतलाम जिले में औसत वर्षा 812.75 मि.मी दर्ज की जा चुकी है। जबकि जिले की सामान्य बारिश 918.3 मिमी हैं।

### श्रीमाली ब्राह्मण समाज 26 को मनाएगा रक्षाबंधन पर्व



**रतलाम।** श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज प्रबंध कारिणी समिति, महिला मंडल एवं युवा मंच की रविवार को बैठक आयोजित हुई। श्रावणी उपाकर्म एवं रक्षाबंधन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। 26 अगस्त को सुबह 9 बजे श्रीमाली वास स्थित समाज की धर्मशाला पर पुरुष जन द्वारा श्रावणी उपक्रम जनेऊ बदलने का कार्य महर्षि संजय दवे के सानिध्य में मनाया जाएगा। साथ ही दोपहर में हवन कर महिलाओं द्वारा सामूहिक हरतालिका तीज उद्यापन भी किया जाएगा। शाम को रक्षाबंधन पूरे समाज द्वारा मनाया जाएगा। बैठक में समाज अध्यक्ष नयन व्यास, सचिव कुलदीप त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष चेतन व्यास, कार्यकारिणी सदस्य अभिलाष त्रिवेदी, अखिलेश व्यास, मयंक दवे, महिला मंडल अध्यक्ष रजनी व्यास, सचिव हंस व्यास, युवा मंच अध्यक्ष सिद्धार्थ जोशी, सचिव अभिषेक व्यास, रौनक व्यास, नितिन व्यास, महिला मंडल सदस्य कोकिला ओझा, भावना व्यास, प्रीति व्यास, रेखा शर्मा, इंदिरा व्यास, प्रिया व्यास, बृजबाला व्यास, शिखा व्यास, किर्ति व्यास, अलका व्यास, सीमा व्यास, आशा ओझा, इंदु व्यास आदि मौजूद थे। उक्त जानकारी समाज सचिव कुलदीप त्रिवेदी ने दी।

### पैरालीगल वालेंटियर्स का ओरियेंटेशन प्रशिक्षण संपन्न

**रतलाम।** प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष सुश्री नीना आशापुरे की अध्यक्षता में 23 अगस्त 2025 को पैरालीगल वालेंटियर्स की प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से एडीआर सेंटर जिला न्यायालय परिसर रतलाम में किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में अध्यक्ष एवं विशेष न्यायाधीश रवीन्द्र प्रताप सिंह चुण्डावत द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष एवं विशेष न्यायाधीश को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। अध्यक्ष द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी नवीन चयनित पैरालीगल वालेंटियर को उनके नये नाम अधिकार मित्र होने से चयनित होने की शुभकामनाएं दी एवं सभी को अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बताया कि पीएलव्ही न्याय को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करने में अहम भूमिका निभाते है। अधिकार मित्र के बारे में बताया कि समाज के प्रत्येक वर्ग के अधिकारों का हनन होने से बचाने वाला अधिकार मित्र कहलाता है। न्यायाधीश श्री चुण्डावत द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि पीएलव्ही प्रत्येक ग्राम से लेकर शहरी क्षेत्र तक न्यायालयीन प्रक्रिया का प्रचार-प्रसार करते है और नालसा एवं सालसा के मंशानुसार कार्य भी करने में मदद करते हैं। नीरज पवैया सचिव/न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम द्वारा सालसा एवं नालसा द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु समस्त पीएलव्ही के लिए निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और आगामी 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी जावे जिससे कि आमजन लोक अदालत में अपने- अपने प्रकरणों को राजीनामा हेतु पेश कर सके और समय एवं पैसा की बचत कर लाभ उठा सके। साथ ही बताया कि लोक अदालत में जो प्रकरण निराकृत होता है तो उसकी कोई अपील नहीं होती और कोर्ट फीस भी वापिस मिल जाती है। उक्त ओरियेंटेशन प्रशिक्षण में पुराने पीएलव्ही द्वारा सचिव महोदय को अपनी समस्याओं के बारे में बताया, जिनका निराकरण किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी सुश्री पूनम तिवारी द्वारा राज्य प्राधिकरण द्वारा वर्तमान में चलाये जा रहे वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के बारे में बताया कि उक्त कार्यक्रम 15 जुलाई 2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 15 सितम्बर 2025 तक जारी है, जिसमें समस्त पीएलव्ही अपनी-अपनी भागीदारी निभा सकते हैं और शासकीय स्थल पर पौधा रोपण कार्यक्रम करवा सकते हैं।

# अव्यवस्थित पार्किंग पर सख्ती, 25 के बनाए चालान

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** यातायात पुलि ने रविवार को रतलाम शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम व सुव्यवस्थित बनाने हेतु विशेष पेट्रोलिंग

- यातायात पुलिस की कार्रवाई, 14 हजार 500 जुमाना वसूला
- यातायात व्यवस्था को सुगम, सुव्यवस्थित बनाने हेतु विशेष पेट्रोलिंग अभियान चलाया

अभियान चलाया गया। इस दौरान अव्यवस्थित पॉर्किंग पर सख्ती की। दल ने 25 चलान बनाए और 14 हजार 500 रूपए का जुर्माना भी वसुला।



पुलिस अधीक्षक अमित कुमार (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खाखा (रा.पु.से.) एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात आनन्द स्वरुप सोनी के निर्देशन में, यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक नीलम चौंगड एवं हमराह टीम द्वारा रविवार को रतलाम शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम व सुव्यवस्थित बनाने हेतु विशेष पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया।

### राम मंदिर क्षेत्र में चला विशेष पेट्रोलिंग अभियान



टीम ने शहर के राम मंदिर से अल्कापुरी, 80 फीट रोड, सैलाना बस स्टैंड, शहर शराय, शहीद चौक एवं सुभाष नगर तिराहा तक अभियान चलाकर कार्रवाई की। साथ ही अभियान के दौरान राम मंदिर तिराहे से अल्कापुरी मार्ग पर दोनों ओर अव्यवस्थित खड़े वाहनों को हटवाया गया एवं वाहन मालिकों व दुकानदारों को निर्धारित लाइन के अंदर वाहन।

## पुलिस की आयोजकों के साथ बैठक, सुझावों पर की चर्चा

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** डीएसबी टीम द्वारा रविवार को पुराने पुलिस कंट्रोल रूम पर आयोजकों के साथ मीटिंग कर आवश्यक सुझाव लेकर त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के संबंध

**डीएसबी टीम द्वारा पुराने पुलिस कंट्रोल रूम पर आयोजकों के साथ की मीटिंग**

में चर्चा की गई। सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया के नेतृत्व में थाना प्रभारी स्टेशन रोड स्वराज डाबी, थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र रतलाम श्रीमति गायत्री सोनी, थाना प्रभारी डीडी नगर मनीष डाबर, थाना प्रभारी माणकचौक अनुराग यादव, सूबेदार अनोखीलाल परमार मौजूद रहे। डीएसबी टीम द्वारा पुराने पुलिस कंट्रोल रूम पर आयोजकों के साथ मीटिंग कर आवश्यक सुझाव लेकर त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण



में मनाए जाने के संबंध में चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा आगामी त्यौहार गणेशोत्सव, तेजादशमी, डोल ग्यारस, ईद मिलाद उन नबी, अनंत चतुर्दशी आदि के दृष्टिगत जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने, सामाजिक सौहार्द एवं शांतिपूर्वक त्यौहार संपन्न करवाए जाने हेतु क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों, ग्राम / नगर रक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर संवाद करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में सभी सीएसपी/एसडीओपी के नेतृत्व में संबंधित थानाप्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम/नगर रक्षा समिति सदस्यों के साथ बैठक लेकर आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु आवश्यक सुझावों पर चर्चा की गई।

### अफवाहों पर न दे ध्यान

अधिकारियों द्वारा आम जन से त्यौहारों को सामाजिक सौहार्द के साथ मनाने, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट नहीं करने के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। जिले के सभी थाना एवं चौकियों पर संबंधित एसडीओपी/सीएसपी एवं थाना चौकी प्रभारियों द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

## फोटो खिंचवाने के दौरान नदी में गिरी युवती की सर्चिंग जारी

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** गांव अंगेठी स्थित मलेनी नदी की पुलिया की रेलिंग पर बैठकर फोटो खिंचवाने के दौरान 17 साल की काजल परिहार नदी में गिरी थी। युवती की सर्चिंग की कार्यवाही जारी है।

कलेक्टर राजेश बाथम एवं एसपी अमित कुमार के मार्गदर्शन में प्लाटून कमांडर बद्री मंडलोई के साथ अभिषेक बैरागी, यश तोमर, दिनेश डाबी, रमन गुप्ता, धीरन मईडा, मनीष रजक, देवाराम चौधरी, जियाउर्रहमान, राहुल रायकवार, जितेंद्र, बापूसिंह, श्याम चौधरी, पप्पूलाल राव, रामसुख एसडीईआरएफ के 7 जवान एवं डी. आर. सी. जावरा से 8 जवान, कुल 16 जवानों को 4 टीम में विभाजित कर 2 बोट एवं 2 पैदल टीम द्वारा सर्चिंग कार्य किया जा रहा है। चूंकि नदी के तट पर अन्य छोटे नालों का



बहाव होता है, इसलिए पैदल चल कर भी सर्चिंग किया जा रहा है। अभी तक सर्च किया गया क्षेत्र- अंगीठी कुशलगढ़ से बडौदा ग्राम तक सर्चिंग दोनों साइड में पैदल एवं ग्रामीणों के द्वारा जगह बताई गई वहां पर भी बोट के माध्यम से की गई थी। आज नयागांव के स्टाफ डेम से बड़ौदा तक बोट के माध्यम से दोनों साइड में सर्चिंग की गई एवं स्टाफ डेम नया गांव से हसन पालिया तक दोनों साइड में सर्चिंग की गई घटना स्थल से लगभग 8 से 10 किलोमीटर का एरिया नदी के दोनों साइड में सर्चिंग की गई।

## महिला सोने व रूपए वाला कीमती बैग ट्रेन में भूली, चेंकिंग स्टाफ ने आरपीएफ को सौंपा

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** दिनांक 24.08.2025 को ट्रेन संख्या 22943 दौंड -इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में एक महिला यात्री द्वारा यात्रा की जा रही थी। जिनका

**पर्स गुम होने की जानकारी मिलते ही रेल मदद पर दी थी सूचना**

बर्थ सूरत के लिए था। यात्रा के दौरान महिला यात्री अपना लेडीज़ हैंडबैग, जिसमें लगभग 4-5 तोला सोना एवं कुछ नगद राशि मौजूद थी, बर्थ पर भूलकर उतर गईं।

महिला यात्री को इसकी जानकारी होते ही इसकी सूचना रेल मदद पर दी। सूचना मिलते ही मिलते ही, ऑन ड्युटी वाणिज्य कंट्रोल रतलाम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए संबंधित कोच में ड्यूटी पर तैनात ट्रेन टीटीई सौरभ झा को तत्काल सूचित किया गया।

टीटीई सौरभ झा द्वारा सूचना प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बर्थ को चेक किया गया। लेडीज बैग सुरक्षित पाया गया। उन्होंने जिम्मेदारीपूर्वक बैग को अपने कब्जे में लेते हुए उसे



आगे की कार्यवाही हेतु रेलवे सुरक्षा बल वडोदरा को सुरक्षित रूप से सुपुर्द किया। इस घटना में रतलाम वाणिज्य कंट्रोल, ऑन-ड्यूटी टीटीई सौरभ झा, एवं वडोदरा रेलवे सुरक्षा बल की ईमानदारी, सजगता एवं कर्तव्यनिष्ठा सराहनीय रही, जिससे यात्री का कीमती सामान सुरक्षित लौटाया जा सका। रेल प्रशासन अपने सभी कर्मचारियों की इस प्रकार की तत्परता व यात्रियों की सहायता हेतु समर्पण भाव की सराहना करता है, एवं यात्रियों से भी अपील करता है कि यात्रा के दौरान अपने सामान की निगरानी रखें, एवं किसी भी असुविधा की स्थिति में तुरंत रेल मदद एप या हेल्पलाइन नम्बर 139 से संपर्क करें।

## महावीर जन्म कल्याणक उत्सव उल्लास के साथ मनाया

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ श्री संघ रतलाम के तत्वावधान में परम पूज्य साध्वी संस्कार निधिश्रीजी मसा की पावन निश्रा में पर्युषण पर्व के अंतर्गत भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव रविवार को बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। उत्सव के तहत पर्युषण पांचवें दिन रविवार को सुबह 9:15 बजे फूल कुंवर बाई उपाश्रय में महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर माता त्रिशला के 14 स्वप्नों की बोलियां प्रस्तुत की गईं। प्रत्येक बोलियों के बीच संगीत और धार्मिक भजनों के साथ बालिकाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। 14 सपना जी की बोलिया में महालक्ष्मी की बोली उच्चतम सवा लाख मोहनलाल राखेचा परिवार ने ली । कार्यक्रम लगभग



4.30 घंटे तक चला और दोपहर 2 बजे संपन्न हुआ। परम पूज्य साध्वी संस्कार निधिश्रीजी मसा ने जन्म वाचन पश्चात प्रभु को पालने में झुलाया। श्रद्धालुओं ने प्रभु को नारियल और चावल अर्पित किए। इस अवसर पर लाभार्थी कांतिलाल चोपड़ा ने समाजजन को छापे लगाकर प्रसन्नता व्यक्त कराई। कार्यक्रम श्री संघ अध्यक्ष अशोक चोपड़ा के नेतृत्व में मनोहर छाजेड़, मनसुख चोपड़ा, हेमंत बोथरा, जितेंद्र चोपड़ा, लोकेश लालन, राजेंद्र कोठारी सारंगी वाले और युवा संघ ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जानकारी नगर निगम पूर्व पीआरओ राजेंद्र कोठारी ने दी।

### आयुष्मान वय वंदना कार्ड शुभारंभ कार्यक्रम आज

**रतलाम।** प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर आधारित चार नए मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत नवाचारों का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार की उपस्थिति में नेताजी सुभाष चंद्र बोस कल्चरल फाऊंडेशन संस्था जबलपुर में 25 अगस्त को दोपहर 2.30 बजे किया जाएगा। जिले में जिला चिकित्सालय रतलाम के नर्सिंग हॉस्टल पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सुना जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संध्या बेलसरे ने जानकारी दी।

## अभिभाषक चुनाव : राकेश शर्मा अध्यक्ष, चेतन केलवा निर्वाचित सचिव निर्वाचित

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जिला अभिभाषक संघ चुनाव के रविार को रात में परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष राकेश शर्मा और सचिव चेतन केलवा बने। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों के परिणाम में महिला उम्मीदवारों को सर्वाधिक मत मिले हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी आशुतोष अवस्थी ने बताया कि मतदान के दौरान 748 मतदाताओं



में से 672 में मतदान किया था। रविवार को सुबह मतपत्र के बंडल बनाने के पश्चात कार्यकारिणी सदस्यों के मत की गणना शुरू हुई। अध्यक्ष के लिए विमल छिपानी को 9, दशरथ पाटीदार 54, सुनील लाखोलिया 64 और सबसे ज्यादा मत राकेश शर्मा को 122 मिले। जिन्हें अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष सुनील जैन 75 वोट से निर्वाचित हुए। सचिव के लिए 87 मत के साथ चेतन केलवा निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पवार कसे 115, पुस्तकालय सचिव 125 वोट के साथ विजय नागदिया बने। वहीं कार्यकारिणी सदस्य में महिला उम्मीदवार रीना चौहान को 375 मत मिले।

# खिलाई चटक, बांटी पंजेरी और मनाया पर्व





नवभारत न्यूज

**जावरा। जैन समाज का 8 दिवसीय पर्वाधिराज पर्युषण पर्व 20 अगस्त से प्रारंभ हुआ जो 27 अगस्त को संवत्सरी पर्व के साथ संपन्न होगा तथा गुरूवार को क्षमापना पर्व मनाया जाएगा।** प्रतिदिन पौषधशाला, मंदिरों एवं स्थानक में इस दौरान धर्म आराधनाएं चल रही है। कल्पसुत्र के वाचन के साथ धार्मिक ज्ञान शिविर, पुजा अर्चना, प्रतिक्रमण के साथ ही देर रात्री तक विभिन्न मंडलों द्वारा सरस भक्ती का आयोजन भी अनवरत जारी है। सभी कार्यक्रमों में श्रावक-श्राविकाएं बढ़-+चढ़कर हिस्सा ले रहे है। पिपली बाजार स्थित पौषधशाला, खरतरगच्छ उपाश्रय, समता भवन जवाहर पथ, रंगरेज गली स्थित जैन दिवाकर भवन पर चातुर्मास के लिए विराजित वर्षावास कर रहे साधु-साध्वी मानव एवं विश्व कल्याण के लिए धर्मसभा में उपदेश दे रहे है। साथ ही मनमोहन काम्प्लेक्स स्थित मनमोहन मंदिर में भी पर्यूषण महापर्व चल रहे है। हाटपिपलिया स्थित अष्टापद के साथ ही चौपाटी स्थित शंखेश्वर मंदिर में आज सोमवार को महावीर स्वामी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### निकली परीपाटी, मना जन्मोत्सव

पर्युषण पर्व के पांचवे दिन रविवार को जैन-अजैन श्रृद्धालुओं ने सामुहिक रूप से महावीर स्वामी का जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया। इस मौके पर प्रात: कल्पसुत्र का वाचन के साथ चैत्र परीपाटी निकाली गई, आचार्य जयंतसेनसुरी अनुयायियों ने भगवंत डा अमृतरसा श्रीजी के सानिध्य मे पीपली बाजार स्थित बड़ा मंदिर पौषधशाला में, खतरगच्छ श्रीसंघ के श्रृद्धालुओं ने जैन मंदिर स्थित उपाश्रय में जन्मोत्सव मनाया। वहीं हेमेन्द्रसूरी अनुयायियों ने दादावाडी मे जन्मोत्सव मनाया।

दोपहर बाद जन्मोत्सव के कार्यक्रम प्रारंभ हुए जिसमें सबसे पहले महावीर स्वामी की माता त्रिशला देवी को गर्भ के दौरान आए 14 सपनों की बोलिया लगाई गई। भगवान के पालना झुलाने, रात्री जागरण करने तथा श्रीसंघ के सदस्यों को केसर कंकु के छापे लगाने की बोलिया लगाई गई। जिसमें श्रावक-श्राविकाओं के साथ ही युवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## बुजुर्ग दम्पत्ती से जेवर ले उड़े साधु

**जावरा।** मंदसौर निवासी बुजुर्ग दंपत्ती बाईक से जावरा अपनी बेटी से मिलने आ रहे थे। ढोढर से कलालिया फंटे के बीच कार से आ रहे साधु का वैश धारण कर उन्हे रोका और 500 के दो नोट देकर उन्हे सम्मोहित कर पति-पत्नि के पहने सोने के जेवर उडा ले गए। कौशल्याबाई (60) पति रामचन्द्र माली निवासी सीतामऊ फाटक मंदसौर की निवासी होकर रविवार को मैं अपने पति रामचन्द्र के साथ मंदसौर से जावरा बाईक से मेरी लडकी के पास जा रहे थे, तभी शाम करीब 5 बजे महु नीमच हाईवे ढोढर से कलालिया फंटे के बीच पीछे से कार आयी जो हमारे पास आकर रुकी, जिसमें साधु बैठे हुए थे। उन्होंने हमारी बाईक रूकवाकर बोला कि आगे साधुओं का आश्रम है क्या तो मेरे पति व मैने बोला कि हमें नहीं पता हम चलने लगे तो हमे वापस रोका और बोला की गुरूजी के दर्शन कर लो एवं 500-500 रूपये के दो नोट अलग अलग हम दोनो पति पत्नि को दिए। फिर मेरे सोने के कान के टाप्स, कान कि लडी मंगलसूत्र, मेरे पति के सोने का ताबिज मांगा जो हमने उतार कर उन्हे दे दिया। हमे कुछ सुझबुझ नहीं थी कि क्या हो रहा है।

## देवरानी-जेठानी या सास-बहू जैसे रिश्तों में प्रेम और सामंजस्य महत्वपूर्ण : सरिताश्रीजी

**जावरा।** जैन आगमों के अनुसार घर को प्यार का सागर बनाने के लिए, परिवार के सदस्यों को प्रेम, आदर और सामंजस्य से रहना चाहिए। झगड़े और मनमुटाव से घर का माहौल खराब होता है, जबकि एक दूसरे को समझना और सहयोग करना घर को आनंद का स्थान बनाता है। घर एक आनंद और उत्सव का स्थान होना चाहिए, न कि दुख और कलह का। परिवार के सदस्यों को एक दूसरे के साथ प्रेम से रहना चाहिए। घर में शांति और खुशी का माहौल होना चाहिए, जहां सदस्य एक दूसरे से आदर और सम्मान से बात करें। परिवार में देवरानी-जेठानी या सास-बहू जैसे रिश्तों में प्रेम और सामंजस्य बनाए रखना महत्वपूर्ण है। घर में झगड़े और मनमुटाव से बचें। परिवार के सदस्यों के बीच सम्मान और प्रेम होना चाहिए। परिवार के सदस्यों को एक-दूसरे की बातों को समझना चाहिए और एक-दूसरे का समर्थन करना



चाहिए। घर को हमेशा आनंदमय और उत्सव जैसा बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए, जहां हर सदस्य खुश रहे। यह बात पर्युषण महापर्व के पंचम दिवस धर्मसभा को संबोधित करते हुए महासती सरिताश्रीजी ने कही। महासती प्रियांकश्रीजी ने अन्त्गद सूत्र का वाचन करते हुए बताया की रमाया की प्रकृति के घर देर है, अंधेर नहीं का अर्थ है कि प्रकृति या ईश्वर के यहाँ कोई भी कर्म बिना परिणाम के नहीं रहता। अच्छे कर्मो का फल अच्छा और बुरे कर्मो का फल बुरा होता है, भले ही उसमें थोड़ा समय लग जाए। यह जैन दर्शन के कर्म सिद्धांत से मेल खाता है, जिसके अनुसार प्रत्येक आत्मा अपने कर्मो के अनुसार फल पाती है और कर्मफल का नियम अटल है, बस उसके समय में अंतर हो सकता है। प्रकृति कर्म के सिद्धांत को दर्शाती है, जिसमें अच्छे कर्मो का सकारात्मक परिणाम और बुरे कर्मो का नकारात्मक परिणाम अवश्य मिलता है।